कुल प्रश्नों की संख्या : 28 | कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Questions: 28 | Total No. of Pages: 08

# हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर – 2017

# 201

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे | पूर्णांक : 100
Time: 03 Hours | Maximum Marks: 100

*निर्देश:–*

*(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii) प्रश्न कमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक अंक निर्धारित है। (5X5=25 अंक)*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा–लगभग 20 शब्द)*

*(v) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा–लगभग 40 शब्द)*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा–लगभग 75 शब्द)*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा–लगभग 100 शब्द)*

*(viii) प्रश्न क्रमांक 28 निबंधात्मक प्रश्न हैं। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।*

*(रूपरेखा–03 अंक शेषांश–07 अंक) (शब्द सीमा–लगभग 150 शब्द लगभग)*

mpcareer.in

प्र.1 रिक्त स्थान की पूर्ति कोष्ठक में लिखे गए वैकल्पिक शब्दों से कीजिए– **(1×5=5)**

(i) गोपियाँ.............................................................का वेश धारण करना चाहती हैं। (कृष्ण/राम)

(ii) आदिवासियों का प्रमुख उपास्य देवता.........................................................है। (चन्द्रमा/सूर्य)

(iii) ईश्वर पर विश्वास रखने वाला...........................................कहलाता है। (आस्तिक/नास्तिक)

(iv) श्रृंगार रस का स्थायी भाव..............................................................................है। (रति/हास)

(v) अभिव्यक्ति..................................................................................प्रकार की होती है। (दो/तीन)

प्र.2 सही विकल्प चुनिए– **(1×5=5)**

(i) कवि के अनुसार ईश्वर रहता है–

(क) मंदिर में (ख) मस्जिद में

(ग) काबे और कैलास में (घ) सब साँसों की साँस में

(ii) 'रानी भाभी, पानी पिला' में रानी संबोधन से व्यक्त हो रहा है–

(क) उपहास (ख) नम्रता एवं आदर

(ग) चापलूसी (घ) धनी होना

(iii) मित्र को लिखा गया बधाई पत्र है–

(क) औपचारिक (ख) अनौपचारिक

(ग) वैचारिक (घ) व्यावहारिक

(iv) 'दूध' का पर्यायवाची है–

(क) पय (ख) वय

(ग) अनल (घ) गरल

(v) अनुप्रास अलंकार में वर्ण/शब्द की आवृत्ति होती है–

(क) एक बार (ख) दो बार

(ग) चार बार (घ) बार–बार

mpcareer.in

प्र.3 निम्नलिखित में से सत्य/असत्य वाक्य छाँटिए – (1×5=5)

(i) रंग–बिरंगी फूलों से सजी धरती दुल्हन जैसी प्रतीत होती है।

(ii) लेखक धर्मवीर भारती, हिमालय को निकट से देखने कौसानी गए थे।

(iii) अपने से छोटों को पत्र लिखते समय संबोधन में 'प्रणाम' लिखते हैं।

(iv) 'ईमानदार' शब्द में 'ईमान' प्रत्यय है।

(v) रस के आठ अंग होते हैं।

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में दीजिए – (1×5=5)

(i) तालाब का पानी कौन पी रहा है?

(ii) शहरी परिवेश, मनुष्य को कैसा बना देता है?

(iii) 'अनुच्छेद' किसे कहते है?

(iv) दोहे में कितने चरण होते हैं?

(v) 'तत्सम' शब्द किसे कहते हैं?

प्र.5 सही जोड़ी बनाइए– (1×5=5)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) घट | (क) समझदार महिला |
| (ii) एक शब्द के एक से अधिक अर्थ | (ख) आदरणीय |
| (iii) सुमित्रा | (ग) तत्सम |
| (iv) आग | (घ) तारा |
| (v) दादाजी के लिए पत्र 'संबोधन' | (ड़) श्लेष अलंकार |

mpcareer.in

प्र.6 कबीर के अनुसार निंदक को समीप क्यों रखना चाहिए? (2)

**<u>अथवा</u>**

'जादुई कोख' से कवि का क्या आशय है? (2)

प्र.7 बेवक्त जागने का परिणाम क्या होता है? (2)

**<u>अथवा</u>**

नेह और गेह के संबंध का क्या आशय है? (2)

प्र.8 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'सयानी होना' से कवि का क्या आशय है? (2)

**<u>अथवा</u>**

'मेघ आए' कविता में बादलों को देखकर कवि को कैसा प्रतीत होता है? (2)

प्र.9 तिहाड़ जेल के अधिकारी के रूप में किरण बेदी की प्रशंसा क्यों हुई? (2)

**<u>अथवा</u>**

एलर्जी किसे कहते हैं? (2)

प्र.10 डाक बंगले के खानसामा ने लेखक को खुशकिस्मत क्यों कहा? (2)

**<u>अथवा</u>**

लाजो चिट्ठी पाकर क्यों खुश हो गई? (2)

प्र.11 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए–

(क) दाँतों तले उँगली दबाना (1)

(ख) पसीने की कमाई (1)

**<u>अथवा</u>**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए–

(क) आप पूज्यनीय हैं। (1)

(ख) अनावश्यक कुर्सी पर न बैठें। (1)



mpcareer.in

प्र.12 प्रत्यय की परिभाषा एवं कोई दो उदाहरण लिखिए। (1+1=2)

**अथवा**

(क) समास की परिभाषा लिखिए। (1)

(ख) द्वन्द्व समास का कोई एक उदाहरण लिखिए। (1)

प्र.13 श्लेष अलंकार को कोई एक उदाहरण सहित समझाइये। (2)

**अथवा**

रस किसे कहते है? ये कितने प्रकार के होते हैं? (2)

प्र.14 निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा अलंकार है? (1)

"कनक–कनक तै सौगुनी, मादकता अधिकाय।
उहि खाए बौरात जग, इहि पाए बौराय

इस अलंकार की कोई एक विशेषता लिखिए। (1)

**अथवा**

निम्नलिखित रसों के स्थायी भाव लिखिए– ($\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$)

श्रृंगार, करूण, वीर, हास्य

प्र.15 अनुच्छेद कैसे लिखा जाता है? (2)

**अथवा**

'विज्ञापन' से क्या आशय है? (2)

प्र.16 भाव पल्लवन' किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

भाव पल्लवन' तथा 'आशय' में क्या अंतर है? (2)

प्र.17 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए– (3)

(क) तुम्हारे को मैंने पुस्तक दी थी।

(ख) आपकी अनेकों साड़ियाँ हमें बहुत पसंद आई।

(ग) पिताजी ने कॉफी–कॉफी की सी रट लगा रखी है।



mpcareer.in

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरे / लोकोक्ति का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए–

(क) चिकना घड़ा होना (1½)

(ख) अधजल गगरी छलकत जाए (1½)

प्र.18 रुपक अलंकार क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (3)

**अथवा**

(अ) रस के स्थायी भाव क्या हैं? (1)

(ब) वीररस को एक उदाहरण सहित समझाइए। (2)

प्र.19 धुम्रपान से होने वाले नुकसान को बताते हुये अनुच्छेद लिखिए। (3)

**अथवा**

आप अपनी पुरानी सिलाई मशीन बेचना चाहते हैं। उस मशीन की विशेषता बतलाते हुए एक विज्ञापन लिखिए। (3)

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (4)

'मेघ आए, बड़े बन–ठन के संवर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगी गली–गली
पाहुन ज्यों आए हों, गांव में शहर के।'

**अथवा**

आज मैं बीज हूँ, कल रहूँगा अंकुर (4)
बटुर–बटुर आएगी दुनिया, मुझे देखने को आतुर
आज मैं बीज हूँ
अलक्षित, ना–चीज हूँ।



mpcareer.in

प्र.21 'वीरों का कैसा हो वसंत?' कविता का भाव—सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। (4)

**अथवा**

'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है? (4)

प्र.22 गाँव के जीवन और शहर के जीवन में क्या अंतर दिखाई देते है? लिखिए। (4)

**अथवा**

(अ) वीरांगना की तुलना लोहे से क्यों की गई है? (2)

(ब) 'वीरांगना' कविता क्या संदेश देती है? (2)

प्र.23 'आज भी हमारे समाज में लड़के और लड़कियों में भेद किया जाता है' आप इस तथ्य से सहमत है अथवा असहमत? तर्क सहित उत्तर दीजिए। (4)

**अथवा**

टीके लगवाना क्यों जरूरी है? ऐसे आठ रोगों के नाम लिखिए, जिनके टीके उपलब्ध हैं (2+2=4)

प्र.24 'ठेले पर हिमालय' रचना में आए खूबसूरत स्थलों का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। (4)

**अथवा**

'सरकारी मकान' कहानी की विषयवस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (4)

प्र.25 अखबार के प्रमुख रूप से कितने अंग होते हैं? किसी एक प्रमुख अंग की विशेषता बताइए। (4)

**अथवा**

'बहादुर' कहानी में बहादुर के भाग जाने का दुख सबसे अधिक किसको है? और क्यों? (4)

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों क उत्तर लिखिए।

परहित के समान दूसरा कर्तव्य (धर्म) भी नहीं है। प्यासे को पानी पिलाना, भूखे को भोजन कराना, अंधे को मार्ग दर्शाना, नंगे को वस्त्र देना आदि मानव के सहज धर्म हैं।सभी जनों का विपत्ति में रक्षण, असहायत की सहायता का भाव आदि भी मनुष्य के परमधर्म है। उपकार के प्रति किया गया उपकार भी धर्म नहीं है। जीवन का उन्नायक तथा समपोषक धर्म है। निस्वार्थ तथा लोभमुक्त पर दूसरों के हितार्थ कार्य करना परहित है।

mpcareer.in

प्रश्नः—

1. परहित का कोई उदाहरण बतलाइये। (1)
2. धर्म क्या है? (1)
3. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। (1)
4. गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

**अथवा**

अग्नि का प्रयोग मानव अतीत से कर रहा है। भोजन पकाने, पानी गरम करने एवं भाप इंजन को चलाने में भी इसका उपयोग होता रहा है। ईंधन के जलने से ऊष्मा प्राप्त होती है जो ऊर्जा का एक रूप है ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा है। ऊर्जा संरक्षण वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है।

प्रश्नः—

1. ऊष्मा कैसे प्राप्त होती है? (1)
2. ऊर्जा का कोई एक रूप बतलाइए। (1)
3. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)
4. गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

प्र.27 अपने मित्र के जन्मदिन पर बधाई पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपके मोहल्ले में व्याप्त गंदगी की शिकायत करते हुए वार्ड पार्षद को पत्र लिखिए। (5)

प्र.28 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए— (10)

(क) भारतीय किसान

(ख) दूरदर्शन : वरदान या अभिशाप

(ग) मोबाइल फोन की उपयोगिता

(घ) किसी क्रिकेट मैच का आँखों देखा वर्णन

(च) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

(छ) मेरा प्रिय महापुरूष

---